आदर्श प्रश्न पत्र

विषय हिन्दी

कक्षा-10+1

समय-3घण्टे।                                                                                    पूर्णांक़ -80

> परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

> प्रत्येक प्रश्न के अक उसके सामने दिए गए है।

विशेष निर्देश:-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है। सुलेख व बर्तनी का विशेष ध्यान रखें ।

2. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई हैं, उत्तरपुस्तिका वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

प्रश्न 1: इसके 16 भाग हैं। निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं । जिनमें से सही विकल्प का चयन करें। (16)

(i) शुक्ल जी ने निर्गुण भक्ति काव्य का प्रवर्तक किसे माना है?

(क) तुलसीदास

(ख) सूरदास

(ग) कबीर

(घ) रैदास

(ii)'कटि टेढौ है आवति' में कटि टेढौं' का क्या अर्थ है?

(क) गर्दन टेढ़ी करना

(ख) कमर टेढ़ी होना

(ग) टांग टेढी करना

(घ) दोहे टेढी होना

(iii)हामिद के तर्क के अनुसार, चिमटे को हाथ में लिया जाए तो क्या बन जाता है?

(क) खंजरी

(ख) मंजीरा

(ग) बंदूक

(घ) तलवार

(iv) अमरकांत को किस उपन्यास पर " साहित्य अकादमी पुरस्कार" मिला ?
(क) आकाश पक्षी
(ख) सूखा पत्ता
(ग) सुन्नार पांडे की पतोहू
(घ) इन्हीं हथियारों से

(v)भागलपुर में शरत् चन्द्र की मित्रता किससे हुई ?
(क) राम रतन
(ख) राजू
(ग) मणि चंद्र
(घ्) उणीन्द्र

(vi) दालान में अधटूटे खटोले पर कौन लेटा था?
(क) प्रमोद
(ख) मुंशी चंद्रिका प्रसार
(ग) रामचंद्र
(घ) मोहन

(vii)नौटंकी कौन सी नाट्य शैली का रूप है?
(क) शहरी नाट्य शैली
(ख) आदिवासी नाट्य शैली
(ग) ग्रामीण नाट्य शैली
(घ) रागिनी नाट्य शैली

(viii)अतीत में हो चुकी घटनाएं किस तकनीक में प्रस्तुत की जाती है?
(क) फ्लैश फॉरवर्ड
(ख) फ्लैश बैक
(ग) फ्लैश लाइट
(घ) फ्लैश लाइव

(ix)संचार के विभिन्न तत्व क्या है?
(क) स्रोत

(ख) कूटीकृत या एनकॉडिंग
(ग) माध्यम एवं फीडबैक
(घ) उपरोक्त सभी।

(x)बादल को घिरते देखा है' कविता से संबंधित सही तथ्य हैं :
(1) नागार्जुन को कालिदास के मेघ का पता- ठिकाना मालूम था।
(2) नागार्जुन का बादल कल्पना-प्रसूत नहीं है।
(3) इसमें उज्जयिनी के जीवन का यथार्थ वर्णन किया गया है।
(4) इसमें किन्नर - किन्नरियों के स्वच्छंद जीवन के अनुभूत्यात्मक चित्र हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(क)विकल्प -2 और 3
(ख)विकल्प -1 और 2
(ग)विकल्प -1 और 4
(घ)विकल्प -2 और 4

(xi)भारत की पहली महिला शिक्षक कौन थी?
(क) सरोजिनी
(ख) पंडित रमाबाई
(ग) सावित्रीबाई फुले
(घ) उपरोक्त सभी

(xii)ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा "जूठन" हिंदी साहित्य में किस कारण चर्चित हुई?
(क) सहजता व निष्पक्षता।
(ख) पक्षपातपूर्णता व स्वाभाविकता।
(ग) मार्मिकता व प्रमाणिकता।
(घ) विकल्प (क) और (ग) दोनों।

(xiii)रेडियो व्याकरण में चिहनों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?
(क) सुनकर
(ख) लिखकर
(ग) बोलकर

(घ) दोहराकर

(xiv) समाचार पत्र किस शैली में लिखा जाता है।
(क) सिद्धा पिरामिड शैली।
(ख) उल्टा पिरामिड शैली।
(ग ) नागर शैली।
(घ ) द्रविड़ शैली।

(xv) "छोड़ द्रूमो की मृदु छाया" में कवि किसके प्रति प्यार जताता है?
(क) प्रकृति
(ख) मनुष्य
(ग) पशु
(घ) पेड़ों

(xvi)"हरि जू हरी" में कौन -सा अलंकार है?
(क) वक्रोक्ति अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार
(घ) मानवीकरण

प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए
(1+1+1+1+1+1=6)
पर्यावरण के प्रति आज समूचा विश्व चिंतित है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही के वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। हिमालयी क्षेत्र में स्थित हिमाचल प्रदेश द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उठाए गए अनेक कदमों की राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हुई है। हिमाचल प्रदेश शायद देश का पहला प्रदेश है जहाँ प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के बैग के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। हरे पेड़ों के काटने पर प्रतिवन्ध पहले से ही जारी है। लोगों में पर्यावरण के प्रति संरक्षण के बारे में जागरुकता लाने के प्रति अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करने हेतु प्रातःकालीन सभाओं में पर्यावरण संरक्षण संहिता लागू की गई है।
(i)आज विश्व सर्वाधिक किस समस्या से चिंतित है ?

(ii)हिमाचल प्रदेश देश में किस क्षेत्र में अग्रणी है ?
(iii)हिमाचल में लोगों को किस विषय पर जागरूक किया जा रहा है ?
(iv)हिमाचल में पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को कैसे जागरूक किया जा रहा है ?
(v) छात्रों में पर्यावरण विषयक जागरुकता लाने के वह लिए क्या किया जा रहा है ?
(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 3: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए. (1.5+1.5+1.5+1.5=6)

मुझे क़दम-क़दम पर
चौराहे मिलते हैं
बाँहें फैलाये !!
एक पैर रखता हूँ
कि सौ राहें फूटतीं
व मैं उन सब पर से गुजरना चाहता हूँ;
बहुत अच्छे लगते हैं
उनके तजुर्बे और अपने सपने सब सच्चे लगते हैं
अजीब-सी अकुलाहट दिल में उभरती है,
मैं कुछ गहरे में उतरना चाहता हूँ।
जाने क्या मिल जाए !!

(i) कवि को कदम-कदम पर क्या मिलता है ?
(ii)कवि कहाँ-कहाँ से गुज़रना चाहता है ?
(iii) कवि को क्या-क्या सच्चा लगता है ?
(iv) लोगों के अनुभवों और अपने सपनों से कवि को क्या होता है ?
(v) पद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(vi) कवि को उनके तजुर्वे और अपने सपने क्यों अच्छे लगते हैं ?

प्रश्न 4: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें:- (4)

(i) समय का सदुपयोग
(ii) जीवन में खेलों का महत्व ।
(iii) हिमाचल प्रदेश के मेले एवं त्यौहार।

(iv) मेरे जीवन का उद्देश्य ।
(v) राष्ट्रभाषा हिंदी का और उसकी  समस्याएं  ।

प्रश्न 5:  अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्कूल-त्याग प्रमाण-पत्र लेने हेतु प्रार्थना पत्र लिखो।                  अथवा
 अपने मित्र या सखी को "परिश्रम के महत्त्व"पर प्रकाश डालते हुए पत्र लिखिए ।
(4)

प्रश्न 6: निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?          (3x2=6)
(i) जनसंचार क्या है? जनसंचार के कार्यों का संक्षेप में वर्णन करो।
(ii) पत्रकारिता के प्रमुख प्रकारों के नाम बताइए?
(iii) डायरी लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
(iv)'अनु स्मारक' या 'स्मरण पत्र' किसे कहते हैं ? ये कितने प्रकार से लिखे जा सकते हैं?
(v) विद्यालय की वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता हेतु बुलाई जाने वाली बैठक की कार्यसूची लि खिए।

प्रश्न 7: निम्नलिखित पद्द्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-                          (4)

झहरि-झहरि झीनी बूँद हैं परति मानो,
घहरि-घहरि घटा घेरी है गगन में।
आनि कह्यो स्याम मो सौं 'चलौ झूलिबे को आज'
फूली न समानी भई ऐसी हौं मगन मैं ॥
चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,
सोए गए भाग मेरे जानि वा जगन में।
आँख खोलि देखौं तौ न घन हैं, न घनश्याम,
वेई छाई बूंदें, मेरे आँसु है दृगन में ॥

अथवा

अमल धवल गिरि के शिखरों पर,
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को,
मानसरोवर के उन स्वर्णिम

कमलों पर गिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

प्रश्न 8 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (3x2=6)
(i)"बालम आवो हमारे गेह रे"में क वि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों?
(ii)खेल में रूठने वाले साथी के साथ सब क्यों खेलने नहीं चाहते?
(iii)संध्या के समय प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?
(iv)कवियित्री किसी मोहपूर्ण बंधन से मुक्त होकर मानव को जागृति का संदेश दे रही है?
(v)"पत्नी की आंखें आंखें नहीं, हाथ है, जो मुझे थामे हुए हैं" से कवि का क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 9 निम्नलिखित में से किसी एक कवि की काव्यगत विशेषताएं लिखिए - (3)
(i)कबीर
(ii)श्रीकांत वर्मा
(iii)सुमित्रानंदन पंत

प्रश्न 10: निम्नलिखित पठित गद्यांशों में से दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (4+4=8)
(i)करुणा ने सबको घेर लिया। वह बोलने की कितनी जबर्दस्त कोशिश करता है। लेकिन नतीजा कुछ नहीं, केवल कर्कश काँय-काँय का ढेर ! अस्फुट ध्वनियों का वमन, जैसे आदिम मानव अभी भाषा बनाने में जी- जान से लड़ रहा हो।
(ii)जो लोग अपने को देश हितैषी लगाते हों, वह अपने सुख को होम करके, लिए पूरे समाज का संगठित होना आवश्यक है। समाज संगठन समानता और सद्भाव से ही संगठित अपने धन और मान का बलिदान करके कमर कस के उठो। देखा देखी थोड़े दिन में सब हो जाएगा। अपनी खराबियों के मूल कारणों को खोजो। कोई धर्म की आड़ में, कोई देश की चाल की आड़ में, कोई सुख की आड़ में छिपे हैं। उन चोरों को वहां वहां से पकड़ पकड़कर लाओ। उनको बांध-बांधकर कैद करो।
(iii)मानो की हर बात का एक ही जवाब था उसके पास बड़े-बूढ़े कहा करें हैं कि आदमी की औकात घर बाहर कदम रखों पे ही पता चले है। घर में तो चूहा भी सूरमा बणा रह। काँधे पर्यो लंबा लड्डु धरके चलपणें काले चौधरी सहर (शहर) में सरकारी अफसरों के आग्गे सीध्ये खड़े न हो सके हैं। बृड्डी बकरियों की तरह श्रधिपाएँ हैं.. और गाँव में किसी गरीब कू आदमी भी न समझे हैं..।

प्रश्न11: निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (3x2=6)

(i) अमरकांत द्वारा रचित कहानी के उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनसे गरीबी की विवशता झांक रही हो ।

(ii) लेखक ने टार्च बेचने वाली कंपनी का नाम "सूरजछाप" ही क्यों रखा?

(iii) क्या लाल का व्यवहार सरकार के विरुद्ध षड्यंत्रकारी था?

(iv)"जहां रॉबर्ट साहब बहादुर जैसे कलैक्टर हों, वहां क्यों न ऐसा समाज हो ।" वाक्य में लेखक ने किस प्रकार के समाज की कल्पना की है?

(v)यदि बसंता गूंगा होता तो आपकी दृष्टि में चमेली का व्यवहार उसके प्रति कैसा होता है?

प्रश्न 12: निम्नलिखित में से किसी एक गद्यकार की संक्षिप्त साहित्यिक विशेषताएं लिखिए - (3)

(क) मुंशी प्रेमचंद

(ख) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(ग) रांगेय राघव

प्रश्न13: निम्नलिखित में से किन्हीं दो पश्नों के उत्तर लिखिए :- (2x2=4)

(i) लेखक ने अपने पांच मित्रों के शब्द चित्र प्रस्तुत किए हैं, उनसे उनके अलग-अलग. व्यक्तित्व की झलक मिलती है फिर भी ये घनिष्ठ मित्र है ,कैसे?

(ii) दुकान पर बैठे-बैठे मकबूल के भीतर का कलाकार उसके किन कार्यकलापों से अभिव्यक्त होता है?

(iii)शरत और उनके पिता मोतीलाल के स्वभाव में क्या-क्या समानताएं नजर आती हैं?

(iv)नाना के घर किन-किन बातों का निषेध था ?शरत का उन निषेध कार्यों को करना क्यों प्रिया था?

प्रश्न 14: पाठ में अनेक अंश बाल सुलभ चंचलताओं शरारतों को बहुत रोचक ढंग से उजागर करते हैं ।आपको कौन सा अंश अच्छा लगता है और क्यों ? वर्तमान समय में इन बाल सुलभ क्रियाओं में क्या अंतर आए हैं?

अथवा

कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है?

(2+2=4)

# प्रश्न पत्र प्रारूप

| अनुभाग | प्रश्न संदर्भ | कौशल प्रकृति | प्रश्न संख्या | प्रश्न प्रकार | भाग | अंक प्रतिभाग | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्तरा–2 अन्तराल अभि0माध्यम | अभिव्यक्ति माध्यम, अन्तरा–2 काव्य सौन्दर्य, कवि परिचय गद्यकार परिचय, अन्तराल | ज्ञानात्मक विश्लेषणात्मक स्वतन्त्र चिन्तन | 1 | बहुविकल्पीय | 16 | 1 | 16 |
| अपठित बोध | अपठित गद्यांश<br>अपठित पद्यांश | बोधात्मक | 2.<br>3. | लघुत्तरीय<br>लघुत्तरीय | 6<br>4 | 1<br>1.5 | 6<br>6 |
| रचनात्मक लेखन | निबन्ध पत्र,<br>प्रार्थना पत्र | रचनात्मक<br>रचनात्मक | 4<br>5 | निबन्धात्मक | 1<br>1 | 4<br>4 | 4<br>4 |
| सृजनात्मक लेखन | अभिव्यक्ति और माध्यम | ज्ञानात्मक | 6 | लघुत्तरीय | 2 | 3 | 6 |
| काव्य साहित्यक बोध | काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या<br>प्रश्नोत्तर काव्य भाग(अंतरा–2)<br>कवि परिचय/सहित्यिक विशेषताएं | व्याख्यात्मक<br>ज्ञानात्मक<br>समीक्षात्मक | 7<br>8<br>9 | निबन्धात्मक<br>लघुत्तरीय<br>लघुत्तरीय | 1<br>3<br>1 | 4<br>2<br>3 | 4<br>6<br>3 |
| गद्य साहित्यक बोध | गद्यांशकी सप्रसंग व्याख्या(अंतरा–2)<br>प्रश्नोत्तर गद्य भाग(अंतरा–2)<br>गद्यकार का परिचय एवं साहित्यिक विशेषताएं | व्याख्यात्मक<br>ज्ञानात्मक<br>समीक्षात्मक | 10<br>11<br>12 | निबन्धात्मक<br>लघुत्तरीय<br>लघुत्तरीय | 2<br>3<br>1 | 4<br>2<br>3 | 8<br>6<br>3 |
| स्वतन्त्र भाषिक अभिव्यक्ति | अनुपूरक पाठ्य पुस्तक अन्तराल भाग–2 अभ्यास प्रश्न | स्वतन्त्र थ्चंतन | 13<br>14 | लघुत्तरीय<br>निबन्धात्मक | 2<br>1 | 2<br>4 | 4<br>4 |

कुल अंक 80

# Model Question paper Hindi

| | | |
|---|---|---|
| प्र01.16 parts one marks each questions | = | 16x1=16 |
| प्र02. 6 parts | = | 6x1= 6 |
| प्र03. 6 parts | = | 4x1.5 = 6 |
| प्र04. भूमिका+ विषय वस्तु + समापन | = | 1+2+1=04 |
| प्र05. सम्बोधन + विषय वस्तु + समापन | = | 1+2+1=04 |
| प्र06. अंक 1 + 1 = 2 प्रश्न 03 | = | 3x2=06 |
| प्र07. प्रसंग+ व्याख्या +काव्यविशेष | = | 1+2+1=04 |
| प्र08. अंक 1 + 1 = 2 प्रश्न 03 | = | 3x2=06 |
| प्र09. 1+1+ 1 = 2 प्रश्न 03<br>भाव पक्ष + कला पक्ष + कृतियां | = | 3 |
| प्र010. प्रसंग + व्याख्या + काव्यविशेष | = | 4 + 4 = 8 |
| प्र011. अंक 1 + 1 = 2 प्रश्न 03 | = | 3x2=06 |
| प्र012. भाव पक्ष + कला पक्ष + कृतियां (1+1+1) | = | 03= 1x3= 03 |
| प्र013. अंक 1 + 1 = 2 प्रश्न 02 | = | 2x2=04 |
| प्र014. अंक 2 + 2 = 04 प्रश्न 01 | = | 1x4=04 |

कुल अंक = 80